सूचना क्र० - 4

आई० क्यु० ए० सी० के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है। कि दिनांक 31.01.2023 को दोपहर 12 बजे शिक्षण सत्र 2022-23 की आई० क्यु० ए० सी० की तृतीय बैठक आयोजित की गई है। कृपया सभी बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। सूचना के साथ बैठक का एजेन्डा भी प्रेषित किया जा रहा है।

प्रस्तावित तिथि पर बैठक का एजेन्डा इस प्रकार है।

1.) एन.एस.एस के सात दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर के आयोजन विषयक चर्चा बावत्।
2.) वर्तमान शिक्षण सत्र 2022-23 के दौरान संपन्न अर्धवार्षिक परीक्षा का विश्लेषणात्मक मूल्यांकन हेतु चर्चा बावत्।
3.) वर्तमान शिक्षण सत्र 2022-23 हेतु प्री-फाईनल परीक्षा के आयोजन विषयक चर्चा करना।
4.) चालू सत्र के दौरान आधारभूत अधोसंरचना के विकास विषयक सूचना बावत्।
5.) चालू सत्र के दौरान आई.सी.टी अधोसंरचना के विकास विषयक सूचना बावत्।
6.) महाविद्यालय में जीमनेज़ियम एवं योगा से संबंधित सुविधाओ के विस्तार विषयक एवं चर्चा बावत्।
7.) महाविद्यालय परिसर में वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने विषयक चर्चा बावत्।
8.) वर्तमान शिक्षण सत्र में महाविद्यालय में चल रहे एड आन/ वेल्यु एडेड कोर्स की प्रगती संबंधी चर्चा बावत्।

9.) महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 2022-23 के आयोजन विषयक चर्चा बाबत्।

10.) चालू शिक्षण सत्र में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय को प्राप्त विशेष उपलब्धियों विषयक सूचना बाबत्।

11.) वर्तमान शिक्षण सत्र में महाविद्यालय में चल रहे इनक्यूबेशन सेंटर में हो रहे कार्य की प्रगति संबंधी चर्चा बाबत्।

12.) "बेस्ट विथ द वेस्ट" थीम के अन्तर्गत जुलॉजीकल म्यूज़ियम की तैयारी विषयक चर्चा बाबत्।

13.) शिक्षण सत्र 2021-22 से संबंधित ए.क्यू.ए.आर सफलता पूर्वक नैक पोर्टल पर प्रस्तुत करने विषयक चर्चा बाबत्।

14.) महाविद्यालय के विकास हेतु अन्य नीति-निर्धारण पर सुझाव आमंत्रण बाबत्।

[signature] 27.01.2023
आई० क्यू० ए० सी० संयोजक
**CO-ORDINATOR**
**I.Q.A.C.**
Govt. Naveen Girls Collage
Baikunthpur, Korea (C.G.)

[signature] 27/1/23
प्राचार्य
**PRINCIPAL**
Govt. Naveen Girls College
Baikunthpur, Korea C.G.

सदस्य गण (हस्ताक्षर)

(i) श्रीमती कनकलता पैकरा - [signature]
(ii) श्री बिरकी राम - [signature]
(iii) श्रीमती अलका दुबे - [signature]
(iv) श्री० के० जेड० उस्मानी - [signature]
(v) कु० सुदर्शना नायक - सुदर्शना
(vi) कु० वैष्णवी राज अग्रहरी - Vaishnavi
(vii) श्रीमती आशा महेश साहु - [signature]
(viii) श्री गिरीश चन्द्र राजपूत - [signature]
(ix) श्री विनय मोहन भट्ट - [signature]
(x) सुश्री कौशर बानो - [signature]

# बैठक क्र० - 3



दिनाँक 31.01.2023 को शिक्षण सत्र 2022-23 की आई० क्यू० ए० सी० की तृतीय बैठक पूर्व निर्धारित समयानुसार महाविद्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित व संपन्न हुई।

बैठक का सूक्ष्म प्रतिवेदन निम्नानुसार है।

सर्वप्रथम आई० क्यू० ए० सी० समन्वयक द्वारा स्वागत उद्‌बोधन दिया गया। एवं गत बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों का पालन करने के संबंध में बिन्दुवार जानकारी प्रदान की गई।

इसके पश्चात बैठक की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य ने संक्षिप्त उद्‌बोधन दिया और फिर पूर्व-निर्धारित एजेन्डा के अनुसार विस्तार पूर्वक बिन्दुवार चर्चा की गई एवं निम्न निर्णय लिए गए।

(1.) एन. एस. एस. के सात दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर के आयोजन के संबंध में एन. एस. एस. प्रभारी एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आर. एन. कच्छप ने जानकारी दिया कि यह शिविर दिनाँक 02 जनवरी 2023 से 08 जनवरी 2023 तक ग्राम-पंचायत खोड़री में - उ बैकुंठपुर, जिला - कोरिया में आयोजित की जाएगी। जिसके अन्तर्गत प्रतिदिन विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

(2.) वर्तमान शिक्षण सत्र २०२२-२३ के दौरान संपन्न अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों पर विस्तार पूर्वक चर्चा संपन्न हुई। परीक्षा के परिणामों पर सभी ने संतोष व्यक्त किया।

(3.) वर्तमान शिक्षण सत्र 2022-23 हेतु प्री-फाईनल की परीक्षा फरवरी 2023 के प्रथम सप्ताह में आयोजित करने की बात पर सभी ने सहमती दी।

(4.) वर्तमान शिक्षण सत्र में महाविद्यालय के आधारभूत अधोसंरचना में भि निम्नवत् विकास किया गया है, जिसकी जानकारी सभी को प्रदान की गई।

(i) वर्षाजल के सुचारू निर्गमन हेतु महाविद्यालय के छत से नीचे तक पाईपिंग व्यवस्था में वृद्धी।

(ii) महाविद्यालय की कक्षाओं के कुर्सी एवं डेस्क जो टूटी हुई थी, उनका मरम्मत करके पुनः उपयोग लायक बनाया गया।

(iii) महाविद्यालयीन प्रमुख मंच में शेड की व्यवस्था की गई।

(iv) महाविद्यालयीन पौधों में सिंचाई हेतु नई ड्रीप इरीगेशन व्यवस्था अपनाई गई।

(5.) वर्तमान शिक्षण सत्र 2022-23 में महाविद्यालयीन आई.टी अधोसंरचना में विकास किया गया। निम्नवत् जानकारी सभी को प्रदान की गई।

(i) दो कंम्प्युटर सेट (प्रींटर के साथ) क्रय किए गए।

(ii) एक डिजीटल व्हाइट बोर्ड शिक्षण कार्य हेतु क्रय किया गया।

(6.) महाविद्यालय में जीमनेज़ियम एवं योगा से संबंधित सुविधाओं के विस्तार हेतु सभी ने सहमती प्रदान किया एवं शीघ्र ही इस संबंध में कार्य के पहल की जाने की बात हुई।

(7.) महाविद्यालय परिसर में शीघ्र ही पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने पर सभी ने सहमती दी। एवं माह में आयोजन पर बात बनी।

(8.) वर्तमान शिक्षण सत्र में महाविद्यालय में कुल एड ऑन / वेल्यु एडेड कोर्स चलाये जा रहे हैं, जिनके प्रभारी श्री वरूण कुमार कुशवाहा, सुश्री नजमा बेगम, श्रीमती दीपशिखा शर्मा एवं श्री सुमित मित्रा हैं। इन सभी ने अपने कोर्स की प्रगति से बैठक के प्रत्येक सदस्य को अवगत कराया, सभी के द्वारा कोर्स की प्रगति को संतोषजनक माना गया।

(9.) वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के संबंध में यह निर्णय लिया गया, कि वार्षिकोत्सव को माह फरवरी 2023 के तिथि को आयोजित किया जाएगा, एवं इसी तिथि को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन किया जाएगा।

(10.) चालू शिक्षण सत्र 2022-23 के दौरान स्वीप कार्यक्रमों के सफल संचालन पर जिला स्वीप समिति कोरिया द्वारा 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट के पास स्थित ऑडिटोरियम में एक सम्मान समारोह में महाविद्यालय के स्वीप के प्रोफेसर नोडल अधिकारी डॉ सुमित कुमार डे को जिले का श्रेष्ठ प्रोफेसर नोडल

अधिकारी के रूप में पुरस्कृत किया गया, उन्हें प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया, इसी अवसर पर महाविद्यालय की कैंपस अम्बेसडर देवंती राजवाड़े को भी उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया, महाविद्यालय की इसी उपलब्धी पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया।

(11.) वर्तमान शिक्षण सत्र में महाविद्यालय में चल रहे इन्क्यूबेशन सेंटर की कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, सभी ने कार्य की प्रगति को संतोषजनक बताया।

(12.) बेस्ट विथ द बेस्ट थीम के अन्तर्गत ज्यूलॉजिकल म्युजियम की तैयारी के संबंध में श्रीमती दीपशिखा शर्मा के द्वारा कार्य की प्रगति पर जानकारी दी गई, सभी ने कार्य की प्रगति को संतोषजनक बताया,

(13.) शिक्षण सत्र 2021-22 से संबंधित ए.क्यू.ए. आर सफलतापूर्वक नैक पोर्टल पर प्रस्तुत करने पर सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्राचार्य को बधाई प्रेषित किया।

[signature] 31.01.2023
CO-ORDINATOR
I.Q.A.C.
Govt. Naveen Girls Collage
Baikunthpur, Korea (C.G.)

आई० क्यू० ए० सी समन्वयक

[signature] 31/1/2023
प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Naveen Girls College
Baikunthpur, Korea C.G

सदस्यगण एवं विशेष आमंत्रित:

(1) श्रीमती कनकलता पैंकरा - [signature]
(2) श्री लिनकी राम - [signature]
(3). श्रीमती अलका दुबे - [signature]
(4). श्री. के.जेड. उस्मानी - [signature]
(5). कु० सुदर्शना नायक - [signature]
(6.) कु० वैष्णवी रजा अग्रहरी [signature]
(7.) सुश्री कौशर बानो - [signature]
(8.) श्री विनय मोहन भट्ट [signature]
(9.) श्री वरुण कु. कुशवाहा - [signature]
(10.) सुश्री नासमा बेगम - [signature]
(11.) श्रीमती दीपशिखा शर्मा - [signature]
(12.) श्री सुमित मित्रा - [signature]
(13.) श्री देवेन्द्र मित्रा - [signature]
(14.) श्री बिमलेश कुमार - [signature]